हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 10 दिसंबर 2025

04 शिक्षकों के स्कूल देरी से पहुंचने और उनके ...



07 22 रोकस कर्मियों को आउटसोर्स में मर्ज कर...





## खबर संक्षेप



### जनसुनवाई में 63 लोगों के आवेदनों पर सुनवाई

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर बालागुरू के. एवं जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 63 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा, डिप्टी कलेक्टर जमील खान साहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### किसानों ने पत्र में कहा-रेलवे के द्वारा दी गई मुआवजा राशि से हम नहीं खरीद पा रहे हैं एक एकड़ जमीन

# 65 लाख की उपजाऊ जमीन का मिला सिर्फ 8.62 लाख रु. मुआवजा, 20 सदस्यों ने मांगी इच्छामृत्यु

**रेहटी तहसील के चंद्रवंशी परिवार की 10.5 एकड़ जमीन रेलवे के लिए अधिग्रहित, बाजार मूल्य 65 लाख के मुकाबले मिला सिर्फ 8.62 लाख प्रति एकड़ मुआवजा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/रेहटी

जिले की रेहटी तहसील में रेलवे लाइन के लिए हुए जमीन अधिग्रहण में मुआवजे की भारी खामी ने चंद्रवंशी परिवार की आजीविका पर संकट खड़ा कर दिया है। ग्राम मकोडिय़ा के किसान भाई शिवनारायण और देवचरण चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से तहसीलदार के माध्यम से राज्यपाल को पत्र भेजकर सामूहिक इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है।

किसानों का आरोप है कि उनकी 10.5 एकड़ उपजाऊ जमीन खसरा नंबर 12/2/2, 12/3, 12/1, 12/2/1, जिसमें पक्का मकान और ट्यूबवेल भी शामिल है, रेलवे द्वारा अधिग्रहित कर ली गई है। जमीन का बाजार मूल्य 65 लाख प्रति एकड़ है, लेकिन रेलवे ने उन्हें सिर्फ 8 लाख 62 हजार प्रति एकड़ की दर से मुआवजा दिया है। इस 'ऊंट के मुंह में जीरे' समान मुआवजे से परिवार के 20 सदस्य अब एक एकड़ जमीन भी नहीं खरीद पा रहे हैं। उन्होंने बाजार मूल्य के बराबर मुआवजा या जमीन के बदले जमीन की मांग की है, अन्यथा परिवार सहित इच्छामृत्यु देने की गुहार लगाई है।



### खेती ही हमारी आजीविका

किसानों ने पत्र में कहा खेती ही हमारी आजीविका का एकमात्र साधन है। रेलवे द्वारा दी गई मुआवजा राशि से हम एक एकड़ जमीन भी नहीं खरीद पा रहे हैं। पूरी जमीन अधिग्रहित हो जाने और मुआवजा बेहद कम मिलने के कारण हमारे परिवार के भरण-पोषण का भयानक संकट खड़ा हो गया है।

### परिवार की प्रमुख मांगें

किसान परिवार ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए प्रशासन और रेलवे से निम्नलिखित मांगें पूरी करने की अपील की है कि रेलवे द्वारा उपजाऊ, प्रधानमंत्री सडक़ से लगी हुई और गांव के आसपास ही जमीन दी जाए। यदि जमीन नहीं दी जा सकती तो मुआवजा राशि बाजार मूल्य 65 लाख प्रति एकड़ के बराबर दी जाए। परिवार के दो सदस्यों को रेलवे में नौकरी दी जाए या परिवार के अवयस्कों की देखभाल, पढ़ाई, लिखाई एवं उनके भरण-पोषण की जीवन पर्यंत व्यवस्था रेलवे द्वारा की जाए। खेत में बने पक्के मकान के बदले पक्का मकान भी बनाकर दिया जाए। जब तक मांगें पूरी नहीं की जातीं, तब तक उनकी जमीनों का अधिग्रहण नहीं किया जाए।

### इन्हें भेजी पत्र की कॉपी

इस पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत स्थानीय कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एसडीएम और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी भेजी गई है।

### इन सदस्यों ने मांगी इच्छामृत्यु


शिवनारायण चंद्रवंशी पिता विजय सिंह आयु 55 वर्ष
कृष्णा बाई पत्नी शिवनारायण चंद्रवंशी आयु 50 वर्ष
अशोक कुमार पिता शिवनारायण आयु 35 वर्ष
दीपक कुमार पिता शिवनारायण चंद्रवंशी आयु 34 वर्ष
मोनिका बाई पत्नी अशोक कुमार आयु 33 वर्ष
ज्योति बाई पत्नी दीपक कुमार आयु 32 वर्ष
देवांग चंद्रवंशी पिता अशोक कुमार आयु 11 वर्ष
आरव चंद्रवशी पिता अशोक कुमार आयु 7 वर्ष
सारांशी चंद्रवंशी पिता दीपक कुमार आयु 8 वर्ष
धुशाल चंद्रवंशी पिता दीपक कुमार आयु 3 वर्ष
देवचरण चंद्रवंशी पिता विजय सिंह आयु 60 वर्ष
कांता बाई पत्नी देवचरण सिंह आयु 55 वर्ष
अखिलेश कुमार पिता देवचरण सिंह आयु 38 वर्ष
सुषमा बाई पत्नी अखिलेश कुमार आयु 35 वर्ष
धर्मेंद्र कुमार पिता देवचरण सिंह आयु 35 वर्ष
दीपिका बाई पत्नी धर्मेंद्र कुमार आयु 33 वर्ष
आकृति पिता धर्मेंद्र कुमार आयु 10 वर्ष
माही पिता अखिलेश कुमार आयु 16 वर्ष
नैतिक पिता अखिलेश कुमार आयु 12 वर्ष
आदविक पिता धर्मेंद्र कुमार आयु 04 वर्ष

# अठ्ठाईस करोड़ का ब्रिज, नगर पालिका की कोई अनुमति नहीं: मनोज गुजराती

**सेतु निगम द्वारा दीवार बनाकर बंद किए गए सार्वजनिक आवागमन के रास्ते को खुलवाने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हाऊसिंगबोर्ड रेल्वे ओवर ब्रिज निर्माण में शुरु से ही अनीयमित्ताऐं हो रही है। दोनों तरफ सर्विस रोड की मांग को लेकर भी विभिन्न कॉलोनियों के रहवासियों द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन किये गये हैं और साथ ही अमरण अनशन भी हुआ है। अब इसी को लेकर कॉलोनी वासियों द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद मनोज गुजराती द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर को एक पत्र लिखा है। जिसकी प्रतिलिपि सीएमओ नगर पालिका को भी दी गई, जिस पर सीएमओ द्वारा सहायक यंत्री को रास्ता खुलवाये जाने हेतु कलेक्टर महोदय को पत्र लिखने व आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। उक्त पत्र में उल्लेखित किया गया है कि नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रं. 21 के अन्तर्गत पं. दीनदयाल नगर, हाऊसिंगबोर्ड कॉलोनी फेस-2, श्यामाप्रसाद मुखर्जी नगर, संतोष नगर, कृष्णा नगर इत्यादि कॉलोनिया में लगभग पांच हजार लोग निवास करते हैं, जिनसे नगर पालिका सम्पत्ति कर, जल कर इत्यादि कर की वसूली करती है। जिसकी जानकारी सुचना के अधिकार में पत्र क्रं. 9022 के माध्यम से दी गई है।



उक्त वर्णित कॉलोनियों के निवासियों का आवागमन का एक मात्र रास्ता जो पुराने भोपाल-सीहोर हाईवे पर निकलता था। इस रास्ते को ब्रिज कार्पोरेशन द्वारा विगत दिनों से बंद कर दिवार खड़ी कर दी गई है। जिससे आवागमन का मुख्य रास्ता पूर्णतः बंद कर दिया गया है।

सूचना के अधिकार में दिनांक 27/10/2025 को नगर पालिका कार्यालय, सीहोर से ब्रिज निर्माण सम्बंधी अनुमति की जानकारी मांगी गई थी, तत्सम्बंध में दिनांक 14/11/2025 को पत्र जारी कर पत्र क्रं. 877 के द्वारा जानकारी दी गई है कि ब्रिज कार्पोरेशन को अनुमति जारी नही की गई है।

श्री गुजराती ने बताया कि ब्रिज कार्पोरेशन द्वारा लगभग अठ्ठाईस करोड़ की लागत से बन रहे ब्रिज निर्माण सम्बंधि कोई भी विधिवत अनुमति प्राप्त नही की गई है, इसलिये अवैधानिक रूप से इन कॉलोनियां का रास्ता बंद कर दिया गया है, जिस पर नगर पालिका द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। मनोज गुजराती ने बताया कि यह सार्वजनिक रास्ता नगर पालिका के स्वत्व व क्षेत्र का है, जो कि वार्ड क्रं. 21 में आता है। उक्त सार्वजनिक रास्ते को बंद करने से पूर्व नगर पालिका से अनुमति क्यों नही ली गई। अब जबकि अनुमति नही ली गई है तो वह आवेधानिक है, तत्तसम्बंध में सम्बंधित विभाग व निर्माण ऐजेन्सी पर कार्यवाही की मांग भी की गई है। साथ ही उक्त सार्वजनिक मार्ग से दिवार हटाकर रास्ता खोलने की मांग की गई है।

### जमी ओस, न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री पर, उत्तर भारत में बर्फबारी से बढ़ी ठिठुरन

**सीहोर।** मंगलवार को कड़ाके की ठंड रही। जिले का न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ठंड का असर इतना तेज था कि सुबह 5 बजे कई खेतों में ओस की बूंदें जमी हुई देखी गईं। तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है, जिससे लोगों को तेज सर्दी का एहसास हो रहा है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में पश्चिमी विक्षोभ के चलते बर्फबारी हो रही है। इसी वजह से वहां से सर्द हवाएं मध्य प्रदेश की ओर आ रही हैं। इन बर्फीली हवाओं के कारण ही जिले के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।

### जिले की 2,42,773 लाड़ली बहनों के खाते में 35 करोड़ 76 लाख 05 हजार 250 रुपए की राशि अंतरित

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजनगर जिला छतरपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की लाड़ली बहना योजना के तहत एक करोड़ 26 लाख 36 हजार से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 1857 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले की 2,42,773 लाड़ली बहनों के खाते में 35 करोड़ 76 लाख 05 हजार 250 रूपये की राशि अंतरित की।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 593. गजेन्द्र कुमार वर्मा पिता\पति लहा राम वर्मा पता- दोंदेखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, 594. भागवत प्रसाद यादव पिता\पति संतराम साहू पता- मकान न. H-16 पुलिस लाइन, 595. अनस सिद्धिकी पिता\पति सरफ राज सिद्धिकी पता- मयूर क्लब पंडरी रायपुर, 596. बिसाहू राम साहू पिता\पति स्व. फगुवा राम साहू पता- गुलाब नगर देवपुरी रायपुर, 597. प्रत्युष बंजारे पिता\पति पिलु राम बंजारे पता- देवपुरी रायपुर, 598. वैदेही नाग पिता\पति नितीन नाग पता- अश्वनी नगर रायपुर, 599. खोमन लाल वर्मा पिता\पति गोपाल प्रसाद वर्मा पता- बिरगांव रायपुर, 600. दीपक साहू पिता\पति विशाल साहू पता- मांढर, 601. प्रमिला साहू पिता\पति पुनऊ राम साहू पता- मांढर रायपुर, 602. मन्नू राम साहू पिता\पति स्व.सुखनंदन साहू पता- देवरी आरंग, 603. चंदन साहू पिता\पति राकेश कुमार साहू पता-दुतकैया राजिम, 604. डोमेन्द्र ध्रुव पिता\पति दुर्गेश ध्रुव पता- धमतरी, 605. संतोषी बाई पिता\पति शत्रुहन देवांगन पता- कोकड़ी कुरूद, 606. सीमा पटेल पिता\पति भारत पटेल पता- जी जामगांव धमतरी, 607. देवकी यादव पिता\पति सुखेन राम यादव पता-स्टेशन पारा वार्ड न.- 11 राजनादगांव, 608. निशांत यादव पिता\पति प्रदीप यादव पता-राजनादगांव, 609. मोनिषा साहू पिता\पति वी. एल साहू पता- नाका पारा वार्ड न.-01 डोंगरगढ़, 610. नवाब अली पिता\पति कसम अली पता- बेमेतरा, 611. श्वेता शर्मा पिता\पति चन्द्र मोहन शर्मा पता- कांकेर, 612. युक्ता साहू पिता\पति श्री फत्ते लाल साहू पता-बालोद, 613. मानसी ठाकुर पिता\पति शैलेन्द्र ठाकुर पता- जगदलपुर, 614. अनीता देवांगन पिता\पति हेमंत देवांगन पता- महासमुंद, 615. नीलकमल मिश्रा पिता\पति स्व. श्री भागवत प्रसाद मिश्रा पता- पांडा तराई कवर्धा, 616. नंदनी नायक पिता\पति स्व. सुखी राम नायक पता- सुहेला, 617. प्रधुम्न वैष्णव पिता\पति खेम वैष्णव पता- सरगीपाल कोंडागांव, 618. तेजेश्वरी पिता\पति आर. त्रिमूर्ति पता- 9F गली न.15 वार्ड 40 सेक्टर 02, 619. हेमलाल वर्मा पिता\पति स्व.मंगलू राम वर्मा पता- इंदिरा कॉलोनी माडल टाउन, 620. सुषमा वर्मा पिता\पति प्रेम लाल वर्मा पता- रवेलीडीह वार्ड न.02, 621. प्रदीप कुमार जैन पिता\पति सुधाकर जैन पता- कैम्प-02 भिलाई, 622. श्रीमती द्रोपती वर्मा पिता\पति धनेश परगनिहा पता- सेक्टर 04 भिलाई, 623. ज्योति सोनी पिता\पति जगदीश प्रसाद सोनी पता- विश्व बैंक कॉलोनी से.-1 भिलाई 3, 624. अफशाना परवीन पिता\पति मो. शामिल पता- कैंप-2 नगर भिलाई, 625. नित्यांश पटेल पिता\पति देवेन्द्र कुमार पटेल पता- मोहलई रोड वार्ड न.56 बछेरा दुर्ग, 626. अंजली पटेल पिता\पति संजय कुमार पटेल पता- मोहलई रोड बछेरा दुर्ग, 627. कीर्ति देवांगन पिता\पति स्व.रमेश देवांगन पता- उतई बंजारी पारा, **बिलासपुर संस्करण –** 628. रजनी तंबोली पिता/पति संतोष तंबोली पता- शांति नगर बाल्को, 629. यशवंत सिंह ठाकुर पिता/पति सुधीर सिंह ठाकुर पता- परसाभाठा बाल्को, 630. हर्ष धीवर पिता/पति दाऊराम धीवर पता- शांति नगर बालको, 631. त्रिषा साहू पिता/पति छवि साहू पता बेलगिरी बालको, 632. नारायण पाल पिता/पति नरेन्द्र पाल पता- नेहरू नगर बालको कोरबा, 633. पंकज पटेल पिता/पति गोवर्धन पटेल पता- बेलाकछार, 634. प्रीति थवाईत पिता/पति अनिल कुमार थवाईत पता- शांति नगर बाल्को, 635. वृंदा साहू पिता/पति चंद्रशेखर साहू पता- परसाभाठा बालको, 636. श्याम बाई नेताम पिता/पति जयसिंह नेताम पता- कोरबा, 637. योगेश साहू पिता/पति गीता साहू पता- बेलाकछार बाल्को, 638. पूर्वी साव, पिता/पति सुरेन्द्र साव पता- परसाभाठा बाल्को, 639. राजेश कुमार बिन्द पिता/पति आर.के. बिन्द पता- शांति नगर बाल्को, 640. रामकुमार कश्यप पिता/पति स्व.पदुमलाल कश्यप पता- गायत्री नगर रजगामार, 641. अहिल्या पांडे पिता/पति लोकनाथ पांडेय पता- कैलाश नगर बाल्को, 642. धनंजय यादव पिता/पति चक्रधर यादव पता- परसाभाठा बाल्को, 643. रतनदास मानिकपुरी पिता/पति चरणदास मानिकपुरी पता- बेलाकछार बाल्को, 644. मंजू साहू पिता/पति नरेन्द्र साहू पता- कांजी हाऊस बाल्को, 645. कमलेश्वरी पिता/पति अनिल खैरवार पता- बस्तीपारा जांजगीर बाल्को, 646. दुर्गेश मरावी पिता/पति राजकुमार मरावी पता- हरदी बाजार, 647. संजय कुमार निर्णेजक पिता/पति भागीरथी निर्णेजक पता- मस्तूरी बाल्कोनगर, 648. तारेश्वरी पिता/पति उल्लू साय साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, 649. संदीप केरकेट्टा पिता/पति नीकोलस केरकेट्टा पता- नेहरू नगर बाल्को, 650. अनिता भट्ट पिता/पति संतोष भट्ट पता- कुमगर बाल्को, **भोपाल संस्करण–** 651. अंतिम गहलोद पिता\पति बालमुकुंद गहलोद पता- एच.एस. टाइपकोटरा सुल्तानाबाद, 652. बबलू वर्मा पिता\पति एच.एन पता- 220 बागसेवनिया, 653. वेदेही पिता\पति विश्वजीत गिरी पता- एच.न.528 शिव मंदिर के पास सेमरा गेटभोपाल, 654. शिव यादव पिता\पति हेमराज पता- यादव नया बसेरागंदी बस्तीकोटरा सुल्तानाबाद, 655. अवनि शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी, 656. कमल सिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 657. आदविक विश्वकर्मा पिता\पति महेन्द्र विश्वकर्मा पता- विदिशा, 658. सरफराज पिता\पति निसार अहमद पता- मकान न. 980 भानपुर विदिशा, **जबलपुर संस्करण–** 659. ओम प्रकाश गौतम पिता\पति सतीश प्रसाद गौतम कोतमा अनूपपुर, 660. मायरा ताम्रकार पिता\पति अमित कुमार ताम्रकार वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर , 661. निशिका गगरेवाल पिता\पति जितेंद्र कुमार वार्ड क्रमांक 10 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 662. राजकुमार साहू पिता\पति - स्वर्गीय रामूलाल साहू ग्राम करौंदी ग्राम शाहपुर, 663. नरेश कुमार साहू पिता\पति शंभू प्रसाद पता- करौंदी ग्राम शाहपुरा डिंडोरी, 664. बृजेश सिंह यादव पिता\पति गजेंद्र सिंह यादव पता- विजय कॉलोनी गाडरवारा, 665. दिव्यांश पुरी गोस्वामी पिता\पति बृजेश पुरी गोस्वामी पता- नयागांव रानी लक्ष्मी बाई वार्ड गाडरवारा, 666. शिवम सोनी पिता\पति राजेश सोनी गाडरवारा।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

**प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में लगा स्वरोजगार मेला**

# कंपनियों ने 287 आवेदकों का किया रोजगार मेले में प्राथमिक चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा संगम रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया गया।

इस रोजगार मेले में 401 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया तथा कंपनियों द्वारा 287 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया। रोजगार मेले में स्वरोजगार विभागों द्वारा अनेक योजनाओं के तहत हितग्राहियों के प्रकरण स्वीकृत कर प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आवेदकों का मेडिकल परीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने युवाओं से कहा कि इस मेले मे विभिन्न क्षेत्रों की अनेक कम्पनिया नियुक्ति करने आई हैं, उन्हें इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए ।



उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराएं जाये। रोजगार मेले में जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा, लीड बैंक अधिकारी जयदीप भट्टाचार्य, प्रभारी रोजगार अधिकारी स्वप्निल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को

**सीहोर।** नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को आयोजित होगी। लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिये निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। प्रि-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

### लापरवाही से 145 छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकार में, विद्यार्थियों की नहीं हुई अर्द्धवार्षिक परीक्षा

# शिक्षकों के स्कूल देरी से पहुंचने और उनके आपसी विवाद से आक्रोशित ग्रामीणों ने स्कूल में डाला ताला

**ग्रामीणों ने स्कूल में पदस्थ शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक पंचनामा बनाकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भेजा। मामला लोहपठार मिडिल स्कूल का है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





शिक्षकों का रोजाना स्कूल में देरी से पहुंचने और उनके बीच आपसी विवाद के कारण बच्चों की पढ़ाई चौपट होने के कारण गुस्साए ग्रामीणों ने सोमवार को स्कूल में ताला डाल दिया। इसके चलते स्कूल में आयोजित होने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षा में विद्यार्थी शामिल नहीं हो पाए।

इस दौरान ग्रामीणों ने स्कूल में पदस्थ शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक पंचनामा बनाकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भेजा। मामला लोहपठार मिडिल स्कूल का है। घटना के बाद डीईओ ने मंगलवार को आनन-फानन में एक 5 सदस्यीय टीम बनाकर जांच के निर्देश दिए। डीईओ ने जांच में दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। हालांकि मंगलवार को कुछ लोगों की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने स्कूल का ताला खोल दिया और इसके बाद बच्चों की दूसरे पेपर गणित विषय की परीक्षा आयोजित हो पाईं।

इछावर जनपद शिक्षा केन्द्र के तहत आने वाला शासकीय मिडिल स्कूल लोहपठार अव्यवस्थाओं के कारण अक्सर सुर्खियों में रहता है। सोमवार को स्कूल में उस समय गहमागहमी का माहौल निर्मित हो गया, जब छात्र - छात्राएं अर्द्धवार्षिक परीक्षा देने स्कूल पहुंचे , लेकिन स्कूल में पदस्थ शिक्षक 11 बजे तक विद्यालय में उपस्थित नहीं हो पाए। इससे ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उन्होंने स्कूल में ताला डाल दिया।

दरअसल ग्रामीणों का कहना था कि स्कूल में पदस्थ शिक्षक रोजाना ही देरी से आते हैं और जल्दी ही चले जाते हैं। इतना ही नहीं शिक्षक रामचन्द्र वर्मा और रजनी रायकवार में आएं दिन विवाद होता रहता है। इसके चलते छात्र - छात्राओं की पढ़ाई चौपट हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि स्कूल में व्याप्त अव्यवस्थाओं के संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। स्कूल की बदहाल स्थिति के कारण ग्रामीणों में आक्रोश है। सोमवार से स्कूलों में कक्षा तीन से आठवीं तक अर्धवार्षिक परीक्षाएं आरंभ हो गई है। पहले दिन हिंदी विषय का पेपर आयोजित होना था, लेकिन स्कूल में ताला लगा होने से छात्र छात्राओं को परीक्षा से वंचित होना पड़ा। इस दौरान ग्रामीणों ने एक पंचनामा बनाकर डीईओ व संकुल प्राचार्य को भेजा, जिसमें उन्होंने स्कूल की व्यवस्थाओं में सुधार एवं आरोपी शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

#### 145 विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय

लोहपठार मिडिल स्कूल में कक्षा पहली से आठवीं तक 145 छात्र - छात्राएं दर्ज है। बच्चों के अध्यापन के लिए दो नियमित शिक्षक रामचन्द्र वर्मा और रजनी रायकवार के अलावा यहां तीन अतिथि शिक्षक भी पदस्थ हैं। लेकिन लंबे समय से शिक्षकों के बीच चल रहे आपसी विवाद और उनके देरी से स्कूल पहुंचने और जल्दी ही लौट जाने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ऐसे में विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय बना हुआ है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद शिक्षा विभाग के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। इससे पालकों में गहरी नाराजगी है। बच्चों का कहना है कि स्कूल देर से खुलता है और जल्दी ही बंद हो जाता है। शिक्षक अधिकांश समय स्कूल नहीं आते हैं। आते ही है तो इधर उधर दुकानों पर बैठकर चले जाते है। पढ़ाई पूरी तरह से चौपट हो गई है। छात्र -छात्राओं ने यह भी कहा कि वह अर्द्धवार्षिक परीक्षा का हिंदी विषय का पहला पेपर नहीं दे पाए हैं।

#### जांच कराई जा रही है...

उक्त मामले की जांच करने के लिए एक पांच सदस्यीय टीम बनाई गई है, जिसमें एक प्राचार्य सहित डीईओ, बीईओ व बीआरसीसी कार्यालय में पदस्थ अधिकारी शामिल हैं। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। विद्यार्थियों की छूटी हुई परीक्षा के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लिया जा रहा है।

सुभाष चंद्र दुबे, बीआरसी

## शिक्षक एसएमसी व ग्रामवासियों की जनभागीदार से स्कूल के मुख्य द्वार और बाउंड्रीबाल का निर्माण कार्य पूर्ण



**सीहोर।** मंगलवार को शासकीय माध्यमिक शाला महुआखेड़ी तकीपुर में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव द्वारा जनभागीदारी शिक्षक एसएमसी ग्रामवासी द्वारा लगभग एक लाख इक्कीस हजार रूपये की लागत से शाला का मुख्य द्वार बनाया गया एवं आईटीसी सुनहरा कल सीपा संस्था के सहयोग से आर.आर.उईके डीपीसी के मार्गदर्शन में लगभग तीन लाख पच्चीस हजार रूपये की लागत से बाउण्ड्री बाल का निर्माण कार्य सम्पन्न हुआ। मुख्यद्वार व बाउण्ड्री बाल का कार्य पूर्ण होने पर मंगलवार को जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव द्वारा उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर शाला में किये गये कार्यों जिसमें माँ की बगिया, प्रिन्ट समृद्ध वातावरण, लायब्रेरी, चलित पुस्तकालय, खेल सामग्री, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग, लर्निंग कार्नर, जैविक खाद, नर्सरी, स्वच्छता एवं अध्यापन कार्य का जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव द्वारा निरिक्षण भी किया गया एवं बच्चों के साथ मिड डे मिल में स्वादिष्ट भोजन भी किया। तत्पश्चात शाला परिसर में पौधे रोपित भी किये गये। श्रीमती यादव ने अपने उद्बोधन में शाला स्तर पर किये गये कार्यों की प्रसंशा करते हुए शाला की स्वच्छता टीम एवं अध्यापन कार्य एफएलएन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किये एवं सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की एंव शाला परिवार की भूरी-भूरी प्रसंशा की। इस मौके पर एमडीएम प्रभारी मधुलिका जोशी, सीपा संस्था से नारायण सिंह परमार, देवेन्द्र ठाकुर, जयदीप, शिक्षक सतीष त्यागी, गोवर्धन सिंह, प्रार्थना गुप्ता, सरिता ठाकुर, साक्षी पालिवाल, विनोद गुप्ता, राजेन्द्र परमार, चन्दर वर्मा, सचिव राकेश, बबलु मेवाड़ा, सूरजसिंह, राजाराम, माखन सिंह, राजेश परमार, सतीष, सुरेश (गब्बर), शिव प्रसाद, दीपसिंह, राजकुमार, कालुराम भारती, संगीता, बरसा भारती, फूल कुंवर, रसोईये नर्बदी बाई, अयोध्या बाई, आरती, पारस बाई सहित बच्चों के पालकगण ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## रहवासी घुमक्कड़ आदिवासी समाज ने जनसुनवाई में लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

ग्राम पंचायत चंदेरी अन्तर्गत रहवासी घुमक्कड़ आदिवासी समाज के महिला पुरुष मंगवार को जनसुनवाई में पहुंचे और आवेदन के माध्यम से गुहार लगाई कि हम लोग पूर्वजों के समय से कच्चे घर बनाकर खेती कर हमारे परिवार का भरण पौषण करते चले आ रहे हैं, परन्तु उद्योगिक क्षेत्र को विकसित करने हेतु हम सब की जमीन छीन ली गई और अब जहाँ पर रह रहें हैं, वहाँ पर भी कुआ नुमा बड़े-बड़े गड्डे कर मुरम ले जाई जा रही है, जिसमें कई बार हमारी मेवशी गिर कर जख्मी हो गई। हाल ही में पोकलेन व जेसीबी लेकर आये और हमारा पीने के पानी का एक मात्र सहारा शासकीय बोर को तोड़ कर गड्डे खोदे जाने की भरसक कोशिश की जा रही है। हमें डर है कि यह लोग हमारे कच्चे घर भी तोडक़र बड़े-बड़े गड्डे कर मुरम ले जायेगें।

यह कि हमारा भरण पौषण का एक मात्र सहारा हमारी जमीन तो पहले ही छीन ली गई, अब हम लोग जैसे-तैसे मेहनत मजदूरी कर कच्चे घरों में रहकर गुजरबसर कर रहे हैं, तो अब हमारा जीना इन लोगों ने दुश्वार कर दिया है। हम मना करते हैं तो हमारे ऊपर जेसीबी चढ़ाने की कोशिश की जा रही है। हमारे साथ जानवरों जैसा बरताव किया जा रहा है।

निवेदन किया गया है कि हमारे घरों को तोडक़र हमें बेघर नही किया जावे और ना ही हमारे पीने के पानी का एक मात्र सहारा शासकीय बोर ना तोड़ा जावे, हमारे घर के आजू-बाजू किये जा रहे बड़े-बड़े गड्डों पर प्रतिबंध लगाये जाने की कृपा करें ताकि हम गरीब लोग हमारा जीवन यापन कर सकें।

इस मौके पर राजु, बाबु, भगवत, गुलाब, मांगीलाल, नन्दराम, चन्दर, शेरसिंह, बिहारी, राहुल, किशन, प्रहलाद, हिरालाल, मनोहर, गुलाब, रामु, कुन्दन, भागवती, धर्मेन्द्र, करण, मुकेश, दिनेश सन्जु, दरियाव, विनोद, छीताराम, पार्वती, बसंती, ललता, सीमा सहित आदिवासी घुमक्कड़ समाज के लोग उपस्थित रहे।

## लो वोल्टेज बिजली की समस्या बनी लोगों के लिए परेशानी का सबब




**इछावर।** आर्या विद्युत वितरण केन्द्र के तहत आने वाले गांवों के सैकड़ों उपभोक्ता करीब एक माह से लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके चलते लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कम वोल्टेज की समस्या प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक बनी रहती है। हालात यह है कि लो वोल्टेज के कारण इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण शोपीस बने हुए हैं । विद्युत पंप नहीं चलने से ग्रामीणों को जलापूर्ति के लिए भी खासी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वह इस समस्या के संबंध में बिजली कंपनी के अधिकारियों को कई बार अवगत करा चुके हैं, लेकिन किसी ने भी इस समस्या के समाधान के लिए कोई प्रयास नहीं किया है।

आर्या फीडर से दौलतपुर, रूघनाथपुरा, दुदलई, रूपदी, रूपादा, गादिया सहित दर्जन भर गांव में बिजली सप्लाई की जाती है। लेकिन यहां के उपभोक्ताओं को पिछले करीब एक माह से लो वोल्टेज की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शाम तक बेहद ही कम वोल्टेज की बिजली सप्लाई हो रही है। हालात यह हैं कि वोल्टेज इतना कम होता है कि बल्ब का महज तार ही चमकता हुआ दिखाई देता है, जबकि अन्य कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण नहीं चल पा रहे है। ऐसे में उपभोक्ताओं को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि जहां बिजली आधारित व्यवसाय चौपट हो रहे है तो वहीं दूसरी ओर विद्युत पंप नहीं चलने से ग्रामीणों को जलापूर्ति के लिए भी खासी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। बताया जा रहा है कि सुबह खेतों की बिजली कटौती होते ही कई लोग बिजली कंपनी के अधिकारी, कर्मचारियों से सांठगांठ कर गांव में बिजली आपूर्ति करने वाली एलटी लाइन से विद्युत पंप का कनेक्शन जोड़ लेते है जिससे उक्त ट्रांसफार्मर पर ओवरलोड हो जाता है। दौलतपुर के रामसिंह , हनुमतसिंह आदि ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से गांव में बहुत ही कम वोल्टेज से बिजली सप्लाई हो रही है। जिससे उपभोक्ताओं को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लो वोल्टेज की समस्या की शिकायत कई बार बिजली कंपनी के कर्मचारी और अधिकारियों को कर चुके हैं, लेकिन वह इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। गांव नयाखेड़ा के सुरेश जाट, आर्या के वीरेन्द्र ठाकुर का कहना है कि घरेलू विद्युत पंप बंद होने के कारण के कारण उन्हें कुएं का दूषित और मटमेला पानी का उपयोग करने को मजबूर होना पड़ रहा है। दूषित पानी पीने से लोगों में बीमारियां होने का खतरा बना हुआ है।

जेई बिजली विभाग दिवडीया विजय कुमार ऊईके ने बताया कि अभी फिलहाल एक पावर ट्रांसफार्मर है जिससे पंप, घरेलू दोनों जगह बिजली सप्लाई कि जा रही है इसके चलते लोड बढ़ रहा है अभी एक और पॉवर ट्रांसफार्मर रखने के लिए प्रपोजळ बना कर वरिष्ठ अधिकारी को भेज दिया है जल्दी ही इस समस्या का समाधान हो जाएगा।

## सीएसआर के तहत बच्चों, युवाओं और समाज के हित में उद्योगों की अधिक से अधिक भागीदारी हो: कलेक्टर




**सीहोर।** जिले के प्रायमरी एवं मिडिल स्कूलों में आधारभूत संसाधनों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर बालागुरू के की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में जिले के उद्योग प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि सीहोर जिले के समग्र विकास के लिए उद्योगों का सहयोग आवश्यक है और प्रशासन ऐसे सभी प्रयासों का स्वागत करता है जो बच्चों, युवाओं और समाज के हित में हों।

बैठक में उद्योगों की सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत शिक्षा और कौशल विकास संबंधी कार्यों को प्राथमिकता देने पर विस्तृत चर्चा हुई। कलेक्टर बालागुरू के ने उद्योगों को सुझाव दिया कि वे अपने आसपास के सरकारी स्कूलों में बच्चों के बैठने के लिए डेस्क-बेंच की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में उद्योगों की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। कई उद्योगों के प्रतिनिधियों ने कहा वे अपने स्तर पर सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्य कर रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से किन्हीं विशेष क्षेत्रों में कार्य कारने का निर्देश मिलता है, तो वे सहयोग करेंगे।

बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि ऐसे युवा जिन्होंने किसी ट्रेड में डिप्लोमा या अन्य पढ़ाई की है और वर्तमान में रोजगार के लिये प्रयासरत हैं ऐसे युवाओं को उनके पास के उद्योग में प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर दे सकते हैं।

ऐसे युवाओं प्रशिक्षण दिलाने और उन्हें रोजगार उन्मुख कौशल प्रदान करने के लिए उद्योगों उद्योग प्रतिनिधियों ने सहमति दी है। इसके साथ ही अन्य सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर भी उद्योग प्रतिनिधियों ने विचार प्रस्तुत किए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव और डाइट की प्राचार्य अनिता बड़गूजर द्वारा उन स्कूलों के बारे में जानकारी दी गई जहाँ संसाधनों की आवश्यकता है। बैठक में जिला उद्योग केन्द्र के महा प्रबंधक अनुराग वमा एवं आईटीसी, वर्धमान, ट्रायटेंड, अनब्रेको सहित कई उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एसडीएम ने कुबेरेश्वर धाम का निरीक्षण किया



**सीहोर।** एसडीएम तन्मय वर्मा ने सीहोर जिला स्थित कुबेरेश्वर धाम पर आगामी फरवरी माह 2026 में आयोजित होने वाले रुद्राक्ष महोत्सव के लिए की जा रहीं तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मार्ग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, रोड डायवर्सन प्लान, रेल, बसों एवं आटो से श्रद्धालुओं के आने-जाने की स्थिति, एलईडी व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, पानी, फायर सेफ्टी, बिजली, प्रवेश एवं निकासी की व्यवस्था के संबंध में चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समयपूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### आगामी लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष ने अधिवक्ताओं से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में 13 दिसम्बर शनिवार को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में सोमवार को दोपहर 2 बजे जिला अभिभाषक संघ देवास में अधिवक्तागणों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अजय प्रकाश मिश्र अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपस्थित अधिववक्तागणों को संबोधित करते हुए कहा कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालय के साथ - साथ अधिवक्तागणों का भी विशेष सहयोग एवं भूमिका रहती है कि वह पक्षकारों को नेशनल लोक अदालत में राजीनामा हेतु प्रेरित कर सकते है। साथ ही नेशनल लोक अदालत में अधिकांशतः मामले जैसेः- मोटर दुर्घटना दावा, राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 चैंक बाउंस, एवं वैवाहिक मामलों में विशेष रूप से राजीनामा की संभावना अधिक रहती है। बैठक में विशेष न्यायाधीश/प्रभारी नेशनल लोक अदालत, विकास शर्मा, उमाशंकर अग्रवाल प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, अभिषेक गौड़ पंचम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, राजेन्द्र कुमार पाटीदार तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, उत्तम कुमार डार्बी अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, प्रसन्न सिंह बहरावत चतुर्थ अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, उपस्थित रहे।

### डीसीए सीहोर ने राजगढ़ को आठ विकेट से हराया

**सीहोर।** विदिशा में सीहोर की डीसीए की टीम ने जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में अपने शुरूआती मैच में राजगढ़ की टीम को आठ विकेट से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। पहले मैच में नवनीत सोनी ने कप्तानी पारी खेलते हुए विस्फोटक 48 रन बनाए, वहीं तीन विकेट भी हासिल किए। इसके अलावा दीपेश सेन ने 43 रन, सक्षम ने तीन विकेट और देवेन्द्र ने दो विकेट हासिल किए थे। टीम की इस कामयाबी पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, कोच अक्षय दुबाने ने बधाई देते हुए टीम का उत्साहवर्धन किया।

सीहोर डीसीए ने पिच को देखते हुए टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी राजगढ़ की पूरी टीम 38.2 ओवर में मात्र 160 रन बनाए थे।

## जिला जेल में महिला बंदिनियों को ठंड से बचने स्वेटर और मौजे वितरित किए



**सीहोर।** बढ़ती ठंड को दृष्टिगत रखते हुए बैथल फॉर रिफ्यूज वेलफेयर सोयायटी जिला सीहोर के माध्यम से जिला जेल सीहोर में परिरूद्ध महिला बंदिनियों और उनके बच्चों के लिए ठंड के कपड़े, स्वेटर एवं मौजे का वितरण किया गया। इस अवसर पर एन.जी.ओ. डायरेक्टर बूसी रॉबी, रॉबी मैथ्यू एवं जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल, उप अधीक्षक अक्षय कुमार सिंहोक्तके, प्रमुख मुख्य प्रहरी मुकीम खान, प्रहरी अजहर, विकास सनोडिया एवं सविता गौतम सहित समस्त जेल का स्टाफ उपस्थित रहा।

### सीएमएचओ के आदेश के विरोध में कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे कर्मचारी

# 22 रोकस कर्मियों को आउटसोर्स में मर्ज कर चार को दे दी नई नियुक्ति

## आरोप -तत्कालीन कलेक्टर ने जिस कर्मचारी को निलंबित किया उसे फिर से रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल में रोगी कल्याण समिति के तहत विभिन्न पदों पर सालों से काम कर रहे 22 कर्मचारियों को प्रबंधन ने शासन के निर्देशों का हवाला देते हुए आउटसोर्स कंपनी में मर्ज कर दिया था। लेकिन, अब उसी अस्पताल प्रबंधन ने पिछले दिनों आदेश जारी कर 4 कर्मचारियों की कंटनजेंसी पर कलेक्टर दर के हिसाब से सेपेरेट नियुक्ति कर दी है।

अस्पताल प्रबंधन के ऐसे दोहरे रवैये से आक्रोषित आउटसोर्स कंपनी में मर्ज किए गए कर्मचारियों ने सोमवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा को आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें रोगी कल्याण समिति से हटाते समय कहा गया था कि रोकस को अब शासन द्वारा खत्म किया जा रहा है। ऐसे में आप सभी कर्मचारियों को टैंडर प्रक्रिया उपरान्त निर्धारित आउटसोर्स कंपनी में मर्ज कर वहां से आपका मानदेय दिया जाएगा। लेकिन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने गत 17 नवंबर को एक आदेश जारी कर चार कर्मचारियों को कंटनजेंसी पर वार्डबॉय के रिक्त पदों के आधार पर कलेक्टर दर पर नियुक्ति संबंधी आदेश जारी कर दिया। ऐसे में रोकस से बाहर किए गए उक्त सभी कर्मचारियों ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि हम सभी को किस नियम से रोकस से हटाया गया और फिर नए चार कर्मचारियों को कैसे नियुक्ति दे दी गई। यह दोहरे नियम समझ से परे हैं।



### एक कर्मचारी को तत्कालीन कलेक्टर ने किया था निलंबित

कलेक्टर को दिए गए आवेदन में उल्लेख है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कर्मचारी डॉ. शोभा पटेल द्वारा जिन 4 कर्मचारियों की वार्डबॉय पद पर नियुक्ति की गई है उनमें से एक कर्मचारी मनोहर दांगी को विभिन्न आरोपों के चलते तत्कालीन कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने निलंबित किया था। लेकिन, इसके बावजूद उसी कर्मचारी को सीएमएचओ ने पुनः जिला अस्पताल में नियुक्ति प्रदान कर दी है।

### अस्पताल प्रबंधन पर मनमानी के आरोप

कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे कर्मचारियों ने जिला अस्पताल प्रबंधन पर मनमानी करने के आरोप लगाए हैं। सभी ने आरोप लगाया कि उन्हें रोगी कल्याण समिति खत्म करने का हवाला देते हुए हटाया गया और चार कर्मचारियों लखन सिंह, मनोहरलाल दांगी, सुरेश दांगी एवं महेश दांगी को कलेक्टर दर पर नियुक्ति दी गई है। यह दोहरे नियम समझ से परे हैं। कर्मचारियों ने कलेक्टर से मांग की है कि वे इस संबंध में उन्हें न्याय दिलवाएं।

# अवैध रेत, मुरम परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, दो डंपर जब्त

## हरिभूमि की सकारात्मक पहल पर प्रशासन का असर

**सारंगपुर।** नदी-नालों से हो रहे अवैध रेत उत्खनन और खुलेआम रेत के परिवहन को लेकर समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का असर दिखने लगा है। सोमवार को खबर सामने आते ही खनिज विभाग हरकत में आया और आनन-फानन में सारंगपुर पहुंचे तो उन्हें अवैध रूप से परिवहन करते हुए गिट्टी रेत एवं मुरम से भरा हुआ डंपर परिवहन करते पाया जिसे जप्त कर थाने में खड़ा कराया गया है । वहीं प्रकाशित खबर में क्षेत्र में रेत माफिया द्वारा नियमों को ताक पर रखकर नदी-नालों से रेत निकालने, ट्रैक्टर-डंपरों के माध्यम से शहर तक पहुंचाने और बिना अनुमति खरीद-फरोख्त किए जाने का खुलासा किया गया था।




खबर में यह भी बताया गया था कि अवैध रेत परिवहन एवं मुरम से जहां शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं सड़क सुरक्षा और पर्यावरण पर भी गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। खबर प्रकाशित होने के बाद खनिज विभाग ने तत्काल संज्ञान लिया जानकारी के अनुसार, सहायक खनिज अधिकारी कार्यालय राजगढ़ के माध्यम से एक डंपर क्रमांक एमपी 39 एच 4038 तथा दूसरा डंपर क्रमांक एमपी 04 जेठ जी 9544 को थाने परिसर में खड़ा कर जप्त किया गया। दोनों ही मामलों में डंपरों की सुरक्षा हेतु चालकों को पाबंद किया गया, जिनकी जिम्मेदारी चालकों पर ही निर्धारित की गई है। संबंधित प्रकरणों में आवश्यक रिपोर्ट दर्ज की गई है। वही स्थानीय नागरिकों ने इस कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया में मुद्दा उठाया तो खनिज प्रशासन सक्रिय हुआ। लोगों का मानना है कि स्थानीय प्रशासन अगर ध्यान देते तो अवैध मुरम मिट्टी रेत आदि के अवैध उत्खनन और परिवहन पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती थी। हालांकि, क्षेत्रवासियों का यह भी कहना है कि केवल प्रतीकात्मक कार्रवाई के बजाय अवैध रेत एवं मुरम के पूरे नेटवर्क पर कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में माफिया दोबारा सिर न उठा सकें। फिलहाल, खबर के असर के रूप में देखा जा रहा है, जिसने प्रशासन को कदम उठाने के लिए मजबूर किया है।

# पुलिस के हत्थे चढ़े लूट की वारदातों के आरोपी, माल भी किया बरामद

## लूट का माल खरीदने वाले व्यक्ति को भी किया गिरफ्तार



**राजगढ़।** जिले के खिलचीपुर थानाक्षेत्र के तहत एक पखवाड़े में हुई लूट और लूट के प्रयास के दो अलग-अलग मामलों का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। एडिशनल एसपी के.एल. बंजारे ने सोमवार दोपहर स्थानीय पुलिस कन्ट्रोल रूम में प्रेसवार्ता आयोजित कर पूरे मामले पर विस्तार से प्रकाश डाला। पहला घटना 21 नवंबर को हुई थी जब मांगीलाल तंवर नाम के व्यक्ति के कान से सोने की दो बालियां अज्ञात लोग लूटकर फरार हो गए थे। इसी तरह हालिया 03 दिसंबर को किराना व्यापारी श्यामसुंदर पिता भंवरलाल गुप्ता निवासी पीपलीबाजार के साथ भी 2 अज्ञात बदमाशों ने रुपए का बैग लूटने का प्रयास किया था। पुलिस ने दोनों मामलों में अपराध पंजीबद्ध किए एवं सायबर सेल, सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य तकनीकी मदद से आरोपियों को धर-दबोचा।

### लुटेरों सहित माल खरीदने वाला भी गिरफ्तार

बंजारे ने बताया कि बुजुर्ग मांगीलाल की सोने की बालियां लूटने वाले मदन तंवर निवासी मोतीपुरा और फूलसिंह तंवर निवासी कुशलपुरा थाना भोजपुर ने यह माल राजेंद्र उर्फ राजू पिता कल्याण सेन को बेच दिया था। इसके साथ ही किराना व्यापारी श्यामसुंदर गुप्ता का रुपयों से भरा बैग भी मदन तंवर ने लूटने का प्रयास किया था। पुलिस ने उक्त दोनों आरोपियों से माल के खरीदार राजेंद्र उर्फ राजू को भी गिरफ्त में लेते हुए लूट का माल बरामद कर लिया है। इन मामलों की पतारसी में खिलचीपुर एसडीओपी धर्मवीर नागर, टीआई उमाशंकर मुकाती, उनि जीतेंद्र अजनारे सहित थाने एवं सायबर सेल की टीम का विशेष योगदान रहा।

# भ्याना पंचायत सचिव सस्पेंड, 5 अधिकारियों पर भी जुर्माना

**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार दोपहर समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सीएम हेल्पलाइन में जल संसाधन विभाग के कमजोर प्रदर्शन पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

### टीएल बैठक में विभिन्न योजनाओं व कार्यों की हुई समीक्षा

ग्राम पिपलिया कलां, खिलचीपुर के जमुना प्रसाद सेन की शिकायत लंबित रहने पर जल निगम विभाग को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग के अधिकारी द्वारा विवाह प्रमाण पत्र उपलब्ध न कराने पर सचिव ग्राम पंचायत भ्याना को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिला योजना अधिकारी तथा अपीलीय अधिकारी को नोटिस देने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सीएम हेल्पलाईन में बॉटम 5 रहे पांच विभागों के अधिकारियों पर भी जुर्माना अधिरोपित करने के तल्ख निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी पर एफआईआर की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### उच्चाधिकारियों के सम्मुख परियोजना प्रशासक ने दिया प्रजेंटेशन

# छत्तीसगढ़ सीएम ने विस्तार से समझी मोहनपुरा सिंचाई प्रणाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले की दशा और दिशा बदलकर लाखों किसानों को पलायन और गरीबी के गर्त से निकालने में मददगार बनी मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई प्रणाली को भारत के अन्य राज्य भी अपना रहे हैं। इसी कड़ी में गत दिवस छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव शास्त्री ने अपने राज्य के अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मोहनपुरा-कुंडालिया प्रणाली और उसे लाभों को विस्तार से समझा।

मोहनपुरा-कुंडालिया परियोजना के प्रशासक विकास राजोरिया ने बड़ी एलईडी स्क्रीन पर इस परियोजना का प्रजेंटेशन दिया। उपस्थित अधिकारीगणों को अगवत कराया गया कि समान जल से दौगुने से अधिक क्षेत्र में सिंचाई करने वाली यह भारत की पहली परियोजना है। प्रजेन्टेशन के दौरान मप्र शासन के अपर मुख्य सचिव राजेश राजौर द्वारा भी उक्त सिंचाई प्रणाली के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, वित्त सचिव बसंल, छत्तीसगढ़ के जनसंपर्क आयुक्त उपस्थित रहे जिन्होंने परियोजना के विभिन्न पहलुओं और बिन्दुओं को विस्तार से जाना।



### इस साल लक्ष्य से अधिक क्षेत्र में हो रही है सिंचाई

मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजना से इस साल अपने तय लक्ष्य से भी बढ़कर 1 लाख 47 हजार 155 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रेशराईज्ड नहरों से खेतों में सिंचाई करवाई जा रही है। मोहनपुरा बांध की नहरों के शुरू होने के पहले राजगढ़ जिले से हर साल करीब 51 हजार लोग स्थाई व एक लाख से अधिक लोग रोजगार के लिए अन्य जिलों व राज्यों में अस्थाई पलायन करते थे। पलायन का यह ग्राफ तेजी से कम हुआ और लोग यहीं रहकर स्थाई रूप से दो व तीन फसलों की खेती करने लगे हैं। इससे किसानों को जहां आर्थिक लाभ हुआ वहीं सामाजिक एवं सांस्कृति बदलाव भी अब नजर आने लगे हैं।

# पुलिस ने सरपंच के साथ मारपीट करने वाले 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**जीरापुर।** 5 दिसंबर को फरियादी विक्रम पिता कंवरलाल सौंध्या निवासी शिवपुरी थाना भोजपुर। जीरापुर से अपने गांव जा रहा था। बायपास आगे पिपल्दा रोड पर अज्ञात 4 व्यक्तियों ने उसकी बुलेट मोटरसाइकिल रोककर डण्डों से मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी तथा वाहन में नुकसान किया। मारपीट में उसे गंभीर चोट आई । प्रकरण में तत्परता से कार्यवाही करते हुए सक्रिय मुखबिर तंत्र, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना में शामिल आरोपियों को चिन्हित कर घेराबंदी करते हुए शीघ्र गिरफ्तार किया। प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी देवराज सिंह पिता हीरासिंह सौंधिया, उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम कुंडीबे थाना कालीपीठ ,अंकित उर्फ कान्हा पिता रामबाबू गुर्जर, उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम परसोलिया थाना करनवास , पवन पिता चंदरसिह तंवर, उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम बावडीपुरा , नितेश पिता रामबाबू तंवर, उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम किला अमरगढ़ थाना कालीपीठ ,जितेन्द्र पिता बनेसिंह सौंधिया, उम्र 30 वर्ष निवासी गादियामेर थाना खिलचीपुर से घटना में प्रयुक्त 4 डण्डे , 2 मोटरसाइकिल (जप्त) की। उनि संतोष सिंह, सउनि श्यामलाल धुर्वे, सउनि मधुसूदन, प्रधान आरक्षक श्यामसुन्दर, देवीसिंह दांगी, अनिल नायक, गणेश, आरक्षक रवि,पंकज, सचिन , जुगल भील,सुनील, मनोज, तुलसीराम, सेनिक शिवप्रसाद,विजय सिंह सहित माचलपुर थाना टीम से आरक्षक रविन्द्र, विष्णु जाट, पप्पू दांगी सायबर सेल टीम' उनि जितेन्द्र अजनारे, शशांक यादव, अशोक राहोरिया, हितेश आदि का सहयोग रहा ।

# सारंगपुर नपा पर भवन अनुमति रोकने के आरोप निजी इंजीनियरों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सारंगपुर।** नगर पालिका सारंगपुर द्वारा भवन निर्माण की अनुमति समय-सीमा में जारी नहीं किए जाने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इस संबंध में सोमवार को शहर के निजी नक्शा नवीसों एवं इंजीनियरों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और नगर पालिका पर आरोप लगाए।

ज्ञापन सौंपने पहुंचे निजी इंजीनियरों व आर्किटेक्ट्स ने बताया कि वे नगर पालिका द्वारा अधिकृत हैं तथा नियमानुसार भवन निर्माण के नक्शे तैयार कर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत करते हैं। इसके बावजूद लंबे समय से उनके द्वारा लगाए गए कई प्रकरण बिना किसी स्पष्ट कारण या आपत्ति के लंबित रखे जा रहे हैं। इंजीनियर संघ के सदस्योंकृशिशिर विजयवर्गीय, आशीष बल्दिया, आलोक मालवीय, अवधेश रावत, कपिल वात्रे, निधि बल्दिया एवं तैय्यब अली सैफी सहित अन्य ने आरोप लगाया कि नगर पालिका भवन अनुमति देने में जानबूझकर देरी कर रही है। इससे न केवल तकनीकी पेशेवर प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि आम नागरिकों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई लोगों के मकान निर्माण कार्य रुक गए हैं, वहीं भवन अनुमति के अभाव में बैंक लोन की प्रक्रिया भी अटकी हुई है, जिससे आर्थिक नुकसान हो रहा है।



ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि शासन एवं सीएम पोलिसी के निर्देशानुसार भवन निर्माण अनुमति एक निर्धारित समय-सीमा में दी जानी चाहिए। इसके बावजूद फाइलों को बिना किसी लिखित आपत्ति या कारण बताए रोका जाना नियमों का उल्लंघन है और इससे पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े होते हैं। इंजीनियरों ने एसडीएम से मांग की कि नगर पालिका में लंबित सभी भवन अनुमति प्रकरणों की शीघ्र जांच कराकर नियमानुसार अनुमति जारी करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि आमजन को राहत मिल सके। एसडीएम ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि आवेदन नियमानुसार प्रस्तुत किए गए हैं, तो नगर पालिका को निर्धारित समय-सीमा में निर्णय लेना होगा।

# ग्राम पंचायत सिकंदरी के मीणागांव में 15 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन विधायक ने किया



**छापीहेड़ा।** सिकंदरी ग्राम मीणागांव रविवार को 15 लख रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन बड़े सार्थक रूप से किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय देवनारायण मंदिर के समक्ष विधायक हजारीलाल दांगी और मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल रजक रामप्रताप दांगी जनपद सदस्य राधेश्याम दांगी नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण विशालिया की उपस्थिति में स्नेह पूर्वक संपन्न हुआ ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि रामबाबू नागर ने बताया कि इन कार्यों में मुख्य रूप से सामुदायिक भवन सीसी नाली शमशान में सीसी निर्माण शामिल है कल 15 लाख रुपए की लागत से यह कार्य पूर्ण होगा और आगे भी कई नए कार्यों को लाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। अमित झंझावात राधेश्याम भामी निर्मल कुमार गुप्ता रामगोपाल दांगी गोकुल प्रसाद धाकड़ आदि मौजूद रहे।

# मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक संपन्न, वरिष्ठ पत्रकारों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की ब्लॉक इकाई की बैठक का आयोजन रविवार को स्थानीय हिंद कन्वेंट स्कूल सूरजपोल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। ब्लॉक अध्यक्ष विजयपाल सिंह परमार 'कान्हा बना' ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए स्वागत उद्बोधन दिया तथा नगर में पत्रकार भवन निर्माण का माँग पत्र भी सौंपा। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार महाराजा जितेंद्र सिंह पंवार, शिव वैध, महेश त्रिवेदी, रमेश मालवीय, कमल चैरसिया और माधव सिंह जादोन का सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज होते हैं और लोकतंत्र की मजबूती में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है नगर में पत्रकार भवन के लिए भी हर संभव प्रयास करने की बात कही कार्यक्रम का संचालन प्रणपाल सिंह खींची ने किया, वही आभार कपिल वैध द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, सत्येंद्र सिंह राठौड़, अभिषेक गुप्ता तथा पत्रकारों में भगवान सिंह उमठ, रूपेश ठाकुर, विवेक ठाकुर, महेश शर्मा, सुरेश नागर, अनूप साहू, देवप्रकाश वर्मा, नीरज शर्मा, धर्मेंद्र सिंह पंवार, शानू बना, संकल्प मिश्रा, राजू उमठ, कैलाश मेवाड़े, लोकेश साहू, वीरेंद्र सिंह पंवार, जितेंद्र वर्मा, नितिन वर्मा, राहुल शिवहरे, आनंद शर्मा, प्रकाश साहू, कमलेश मेवाड़े, सूरज गुर्जर और सत्यम शर्मा राजू बैरागी सहित अनेक पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत गादयाकला के किसानों का मामला

### फसल सूखी किसान परेशान, कैसे होगा परिवार का भरण पोषण

# कुंडलिया परियोजना का शुल्क जमा के बावजूद नहीं मिल रहा किसानों को पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

शासन द्वारा किसानों की भूमि सिंचित करने हेतु जिले में कुंडलिया डेम जल परियोजना एवं मोहनपुरा डेम जल परियोजना का क्रियान्वन किया गया है,ताकि आसपास क्षेत्र के किसानों की भूमि सिंचित हो सके।

आसपास क्षेत्र के हर एक किसान की भूमि सिंचित करने हेतु डैम परियोजना द्वारा निर्धारित शुल्क भी रखा गया है जो प्रति हेक्टेयर किसानों से पानी देने के बदले जमा कराया जाता है,ओर किसान अपने खेत में पानी फैर कर फसल कमाता है। इसके विपरित ग्राम गादयाकला के किसानों का एक मामला सामने आया है जिसमें किसानों ने लगभग 1 महीने पहले कुंडा लिया डेम परियोजना से खेतों में फसल में पानी फेरने के लिए प्रति हेक्टेयर शुल्क रसीद कटा दी है, ओर खेत में फसल की बोवनी कर दी है, लेकिन कुंडलिया परियोजना द्वारा लाइन के टूट- पाठ होने से खेतों में अभी तक एक बूंद भी पानी नहीं आया है ऐसे में किसानों की फसल सूख रही है। जब मीडिया ने जायजा लिया तो किसानों प्रभु लाल सोधिया, रूप सिंह वर्मा, रतन सोंधिया, चंदरसिह राव, भगवान सिंह सोंधिया, कंवरलाल वर्मा, बद्री लाल सैनी आदि ने बताया हमारी फसल सूख गयी है कुंडलिया डैम परियोजना से हमें अभी तक एक बूंद पानी नहीं मिला है, जबकि हम सभी किसानों ने 1 महीने पहले रसीद बनवा ली है। हम किसानों ने इसकी शिकायत विधायक हजारीलाल दांगी, एसडीएम अंकिता जैन,कुंडलिया परियोजना इंजीनियर सुमित मालिक को लगातार 20 दिनों से कर रहे हैं लेकिन हमारी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हमारी पूरी फसल सुख गई है यदि एक-दो दिन में हमारे खेतों में पानी नहीं आया तो हम बर्बाद हो जाएंगे हमारे बच्चों का भरण पोषण कैसे करेंगे। कुंडलिया परियोजना के पानी के भरोसे ही फसल बोई है। हम बार-बार शिकायत कर रहे हैं लेकिन हमारी सुनवाई नहीं हो रही है। गादयामैर के किसानों ने बीच में लाइन फोड़ दी है।



### इनका कहना है...

हां गादयामैर के कुछ किसानों ने लाईन फोड़ दी है, रिपेयर करा कर 109 नम्बर बाक्स को चालू कर एक-दो दिन में किसानों को पानी दिया जाएगा

**देवेंद्र विजयवर्गीय,** प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कुंडलिया परियोजना।

हां, किसानों ने लाईन फोड़ दी है, करायी है रिपेयर कर किसानों को पानी दिया जाएगा।

**सुमित मालिक,** एसडीओ कुंडलिया परियोजना

## खबर संक्षेप

### गोपाल ठाकुर बने मानव अधिकार फाउंडेशन में राष्ट्रीय सदस्य

**जावर।** शिक्षक गोपाल सिंह ठाकुर को मानव अधिकार फाउंडेशन में राष्ट्रीय सदस्य बनाया गया एवं प्रदेश में मानव अधिकार फाउंडेशन में प्रदेश अध्यक्ष शिक्षा सैल में अच्छे कार्य करने पर इनका प्रमोशन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया। पर्यावरण संरक्षण एवं मानव सेवा के लिए इन्हें राष्ट्रीय कार्यकारणी में 7 वा स्थान मिला। शिक्षकों व आस पास के ग्रामीणों ने बधाई दी।

### हिंदू राष्ट्र संगठन जिला अध्यक्ष बने महेश जाट

**आष्टा।** अखंड भारत हिंदू राष्ट्र संगठन द्वारा संगठन का विस्तार करते हुए संगठन राष्ट्रीय संपादक अध्यक्ष सरिता सिंह राजपूत, राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह एवं राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंजू लता गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष अशोक जाट देवास के अनुशंसा पर सीहोर जिला अध्यक्ष पद पर अखिल भारतीय जाट महासभा प्रदेश महासचिव महेश जाट को मनोनीत किया गया। महेश जाट को जिला अध्यक्ष बनने पर गोकुल चौधरी, डॉ. जगदीश सोलंकी, डॉ. गंभीर पटेल, एडवोकेट भूपेंद्र राणा, संरक्षण नारायण जाट, भवानी सिंह पटेल, आष्टा अध्यक्ष राजू जाट, प्रदेश सचिव धनंजय जाट युवा इकाई, भागीरथ जाट, महेंद्र जाट, अर्जुन पटेल (प्रदेश सचिव), संदीप पटेल, धर्मेंद्र ठाकुर, प्रताप जाट आदि ने बधाई दी।


नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना का पानी पहुंचा आष्टा, कार्य जारों से जारी

# रामपुरा जलाशय तक हुई सफल टेस्टिंग किसानों को जल्द मिलेगा सिंचाई का पानी

पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा था। काम पूरा होने के बाद कंपनी ने सफलतापूर्वक टेस्टिंग की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा ब्लॉक में नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना के तहत नर्मदा का पानी पहुंच गया है। परियोजना के तहत आष्टा से 25 किलोमीटर दूर रामपुरा जलाशय तक पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाया गया। एलएनटी कंपनी ने इस परियोजना की सफल टेस्टिंग की है।पिछले दो वर्षों से सीहोर जिले के आष्टा ब्लॉक में गांव-गांव नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा था। काम पूरा होने के बाद कंपनी ने आज सफलतापूर्वक टेस्टिंग की। इस टेस्टिंग के बाद अब आष्टा विधानसभा क्षेत्र के किसानों को जल्द ही नर्मदा का जल सिंचाई के लिए उपलब्ध होगा।क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने बताया कि नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना की अनुमानित लागत करीब ढाई हजार करोड़ रुपये है। इस परियोजना में आष्टा ब्लॉक के कुल 202 गांव शामिल किए गए हैं। इससे लगभग 75 हजार हेक्टेयर भूमि को नर्मदा का जल मिलेगा।नर्मदा नदी से नेमावर के पास एक गांव से पाइपलाइन के जरिए आष्टा ब्लॉक के विभिन्न गांवों में पानी पहुंचाया जाएगा। पानी के दबाव को बनाए रखने के लिए दो से तीन स्थानों पर प्रेशर स्टेशन भी बनाए गए हैं। इस पाइपलाइन से किसानों को पर्याप्त सिंचाई के लिए नर्मदा का पानी उपलब्ध होगा।इस परियोजना से आष्टा ब्लॉक के जावर, सिद्धिगंज, खाचरोद, मेहतवाड़ा, मैना, कोठरी, भंवरा, बाग़ैर सहित करीब 202 गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए नर्मदा का पानी मिलेगा।







# श्मशान घाट से हटा अतिक्रमण जल्द किया जाएगा सौंदर्यीकरण

**हरिभूमि की खबर के बाद जागी उम्मीद**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज




ग्राम पंचायत सिद्धिगंज में श्मशान घाट मैं चारों तरफ गंदगी एवं अतिक्रमण किए जाने पर हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशित की गई थी। जिस पर जिला पंचायत सीईओ सरजना यादव ने संज्ञान में लिया। इसके बाद तुरंत ही सिद्दीकगंज श्मशान घाट से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इसी के साथ ही शमशान की भूमि पर अतिक्रमण करने वालों को नोटिस जारी किए गए। इससे उम्मीज जागी है कि जल्द ही सीमांकन कर श्मशान घाट का सौंदरीकरण का कार्य भी जल्द शुरू हो सकता है।

जिला पंचायत सीईओ सरजना यादव ने बताया कि जल्द ही शमशान घाट का सौंदर्य करण किया जाएगा। श्मशान घाट में जो भी अतिक्रमण करेगा कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पंचायत के पांचवें वित्त से श्मशान घाट का सौंदर्य करण का कार्य किया जाएगा। जल्द ही श्मशान घाट में निर्माण कार्य चालू किया जाएगा। वर्तमान में श्मशान घाट का समतलीकरण निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

### श्मशान घाट के सौंदर्य करण में यह कार्य होंगे

शमशान घाट की जमीन का समतलीकरण, श्मशान घाट में पवरब्लाक लगाए जाएंगे, वही शमशान घाट में हरियाली को बढ़ाने वृक्षारोपण किया जाएगा। इसी के साथ ही शमशान घाट में बैठक व्यवस्था व कुर्सियां लगाई जाएगी। अतिक्रमण को रोकने के लिए शमशान घाट की बाउंड्री बाल की जाएगी, व टीन सेट की मरम्मत की जाएगी, और शमशान घाट तक सीसी रोड बनाया जाएगा। वही पानी की व्यवस्था की जाएगी। श्मशान घाट का पूर्ण रूप से सौंदर्यकरण किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मुख्यमंत्री मोहन यादव और पंचायत मंत्री पहलाद पटेल भी श्मशान घाट की दुर्दशा बदलने में लगे हुए हैं। प्रदेश की प्रत्येक पंचायत के शमशान घाट का सौंदर्य करण किए जाने के आदेश दे चुके हैं, ताकि प्रदेश के सभी श्मशान घाट की स्थिति सुधर सके ताकि ग्रामीणों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। वही जिला पंचायत सीईओ सरजना यादव व जनपद पंचायतसीईओ अमित व्यास के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सिद्धि गंज के शमशान घाट कि जल्द ही दुर्दशा बदलेगी। ग्राम पंचायत के सरपंच महेंद्र सिंह काजले ने बताया कि जल्द ही शमशान घाट का सौंदरीकरण किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को परेशानी का सामना ना करना पड़े।

### तहसील कार्यालय में बनाया सुंदर वन, आने वाले लोगों को मिलेगी पॉजिटिव एनर्जी



**सीहोर।** तहसील कार्यालय को खूबसूरत बनाने के लिए सीहोर एसडीएम तन्मय वर्मा, तहसीलदार भारत नायक, नायब तहसीलदार अमित सिंह द्वारा तहसील परिसर में फूलदार पौधे लगाए गए। ताकि इन पौधों से तहसील कार्यालय के अंदर आने-जाने वाले व्यक्ति को एक सुंदर हवा मिले। सुंदर हवा के साथ-साथ अच्छे फूलों की खुशबू उन्हें मिले और एक पॉजिटिव एनर्जी लगातार यहां के अधिकारियों द्वारा और कर्मचारियों के द्वारा तहसील परिसर को सुंदर और स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारी कर्मचारी साथ मिलकर मेहनत कर रहे हैं। यहां तक की तहसील परिसर में आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसलिए उनके बैठने के लिए भी उत्तम व्यवस्थाएं की जा रही है।

## नंदी गोशाला के लोकार्पण में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मालव माटी के सुप्रसिद्ध संत,कथा वाचक परम पूज्य संतश्री गोविंद जाने जी के आश्रम ग्राम दास्ताखेड़ी जिला शाजापुर में नवनिर्मित भव्य नंदी गौशाला का लोकार्पण महामंडलेश्वर और अन्य सभी संत जनों, वरिष्ठजनों, जन प्रतिनिधियों की उपस्तिथि में सम्पन्न हुआ।

गौसेवक विधायक गोपालसिंह इंजीनियर भी उक्त कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। दास्ताखेड़ी पहुंचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने क्षेत्र के नागरिकों की ओर से संतश्री गोविंद जाने सहित सभी संतो के चरणों मे नमन कर अभिनन्दन किया। नन्दी गौशाला में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने संतश्री गोविंदजाने की उपस्थिति में नन्दी का पूजन किया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की गोविंदजाने आश्रम में नवनिर्मित यह नन्दी गौशाला निश्चित रूप से पशुधन संरक्षण के साथ-साथ ग्राम क्षेत्र की अर्थव्यवस्था, सांस्कृतिक मूल्यों व मानवीय संवेदनाओं के संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

दास्ताखेड़ी से विधायक गोपालसिंह इंजीनियर हनुमान दादा के दर्शन भक्ति करने बोलाई स्तिथ हनुमान मंदिर पहुंचे ओर दादा के दर्शन कर खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर महेंद्रसिंह ठाकुर गऊखेड़ी, धर्मेन्द्र पहलवान मेहतवाड़ा, अजयसिंह गब्बर जावर भी साथ रहे।

## छात्र संगठन ने अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, महाविद्यालय में स्थापित अमर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा को परदे से बाहर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मंगलवार को भारतीय राष्ट्र छात्र संगठन द्वारा अनुविभागीय अधिकारी आष्टा को शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में स्थापित अमर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा को परदे से बाहर करने के विषय में अंशु ठाकुर पूर्व प्रदेश सह सचिव के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन का वाचन करते हुए अंशु ठाकुर द्वारा अवगत कराया कि महोदय हम आपको शासकीय शहीद भगत सिंह महाविद्यालय आष्टा में विगत तीन वर्षों से स्वतंत्रता संग्राम के महान शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के साथ किया जा रहे अपमानजनक व्यवहार से आपको अवगत करा रहे हैं। महोदय शासकीय महाविद्यालय आण में 3 वर्ष पूर्व शहीदे आजम भगत सिंह, जिनके नाम पर शासकीय महाविद्यालय आष्टा का नामकरण है, उनकी प्रतिमा स्थापित की गई थी। लेकिन आज तक महाविद्यालय प्रशासन द्वारा इस प्रतिमा का अनावरण नहीं किया गया है, बल्कि महाविद्यालय प्रांगण में स्थापित इस प्रतिमा पर कभी कपड़े तथा कभी पॉलिथीन से ढक कर हमारे स्वतंत्रता संग्राम के महान शहीद का अपमान लगातार किया जा रहा है।प्रतिमा काअनावरण ना करके इस पर गहरी राजनीति की जा रही है। जिससे हमारे शहीद का अपमान हो रहा है। शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य से हम पूर्व में ही एक बार ज्ञापन देकर निवेदन कर चुके हैं, लेकिन उचित जवाब नहीं दिया जा रहा है। अतः भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन आपसे यह निवेदन करता है कि आगामी 1 सप्ताह में इस प्रतिमा का अनावरण कर इस पर से पर्दा हटाया जाए। यदि अगले एक सप्ताह में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य धर्मेंद्र सूर्यवंशी द्वारा अनावरण वहीं किया गया तो हम भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के सदस्य स्वयं विधि विधान से इस प्रतिमा का अनावरण कर देंगे। ज्ञापन देने वालों में संगठन से दीपक गोस्वामी, दिगराज ठाकुर, जोगेंद्र ठाकुर, नितेश ठाकुर लसुड़लिया, हेमंत पंवार,आदित्य ठाकुर, विजय महेश्वरी,विनोद बामणिया,आकाश प्रजापति, रवि सिसोदिया, प्रमोद मालवीय, युवराज सेंधव, रूपेंद्र ठाकुर , युवराज, अंकित, आकाश बामणिया सहित कई छात्र मौजुद रहे।

## इनरव्हील क्लब ने छात्राओं को गुड टच और बेड टच की दी जानकारी, महिला वकील ने बताए कानून

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सोमवार को इनरव्हील क्लब द्वारा स्थानीय कन्या हायर स्कूल में जाकर गुड टच बेड टच की जानकारी दी गई। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष श्रीमती संगीता सोनी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच इनरव्हील क्लब ने माता-पिता से अपील की है कि वे बच्चों को बचपन से ही गुड टच और बैड टच की पहचान कराना शुरू करें। यह सरल सी शिक्षा बच्चों को न केवल जागरूक बनाती है, बल्कि किसी भी असामान्य स्थिति में आवाज उठाने का साहस भी देती है। गुड टच वह स्पर्श है जिसमें बच्चे को प्यार, सुरक्षा और सम्मान का एहसास होता है। जैसे माता-पिता का दुलार, अध्यापक का प्रोत्साहन या डॉक्टर द्वारा इलाज के दौरान किया गया स्पर्श। इसके विपरीत, बैड टच वह स्पर्श है जिससे बच्चा असहज, डरा या परेशान महसूस करे, जैसे निजी अंगों को छूना, अनचाहा स्पर्श या किसी भी तरह की दबाव वाली स्थिति। वही वकील अनीता यादव ने बताया कि माता-पिता बच्चों को यह बात स्पष्ट रूप से बताएं कि उनका शरीर उनका अपना है और कोई भी उनकी अनुमति के बिना उन्हें छू नहीं सकता।

बच्चों को "ना" कहना, गलत स्पर्श से दूर हटना और तुरंत किसी भरोसेमंद वयस्क जैसे माता-पिता, शिक्षक या परिवार के अन्य सदस्य को बताने की सीख देना बेहद आवश्यक है।इसके साथ ही बच्चों को यह भी समझाना जरूरी है कि सुरक्षा से जुड़ी कोई भी बात सीक्रेट नहीं होती। यदि कोई व्यक्ति किसी भी तरह से डराकर, समझाकर या लालच देकर उन्हें चुप रहने को कहे, तो बच्चे तुरंत अपनी बात शेयर करें। परिवार और स्कूल मिलकर जागरूकता बढ़ाएँ तो बच्चों को सुरक्षित वातावरण देने में बड़ी मदद मिल सकती है। छोटी उम्र में दी गई यह सीख जीवनभर उनकी सुरक्षा ढाल का काम करती है। इस दौरान अनिता यादव ने अपना मोबाइल नंबर भी छात्राओं को दिया ओर कहा कि अगर किसी भी प्रकार की आपको सलाह या मदद की जरूरत हो तो तुरंत संपर्क कर सकते है।

जानकारी प्रदान करने के पश्चात क्लब के द्वारा अनिता यादव के साथ शिक्षिका आरती शर्मा, बबीता सोनी का साल, माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष संगीता सोनी, उपाध्यक्ष सुनीता सोनी, सचिव दीपिका सोनी, कोषाध्यक्ष श्रद्धा पालीवाल, एडिटर अर्चना सोनी, आईएसओ जयश्री शर्मा, आरती शर्मा मौजूद रही।

## राजिंदर गुप्ता संसदीय स्थाई समिति के लिए हुए नॉमिनेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



पंजाब से राज्यसभा सदस्य और उद्योगपति राजिंदर गुप्ता को लेबर, टेक्सटाइल और स्किल डेवलपमेंट पर संसदीय स्थायी समिति के लिए नॉमिनेट किया गया है। यह महत्वपूर्ण समिति देश के श्रम क्षेत्र, वस्त्र उद्योग और कौशल विकास से जुड़ी नीतियों और सुधारों की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाती है।

उल्लेखनीय है कि राजिंदर गुप्ता, ट्राइडेंट ग्रुप के संस्थापक और चेयरमैन एमेरिटस हैं वे मैन्युफैक्चरिंग, ग्लोबल ट्रेड और वर्कफोर्स डेवलपमेंट में लंबे अनुभव के साथ उद्योग जगत का प्रमुख नाम हैं उनके समिति में शामिल होने से उद्योग की जमीनी जरूरतों और चुनौतियों को समझने में मजबूती मिलेगी वर्तमान में भारत का टेक्सटाइल सेक्टर अमेरिकी टैरिफ दबाव, वैश्विक प्रतिस्पर्धा और कुशल व अकुशल दोनों प्रकार के श्रमिकों के लिए मजबूत स्किलिंग ढांचे की आवश्यकता का सामना कर रहा है, ऐसे समय में यह नियुक्ति महत्वपूर्ण मानी जा रही हैमामूली संसाधनों के साथ 1980 के दशक में शुरुआत करने वाले गुप्ता ने ट्राइडेंट ग्रुप को दुनिया के प्रमुख इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल और पेपर समूहों में स्थापित किया वर्तमान में कंपनी 2 बिलियन डॉलर से अधिक के वैश्विक कारोबार और 17,500 से अधिक कर्मचारियों के साथ काम कर रही है उद्योग नेतृत्व के साथ वे शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य क्षेत्रों में भी सक्रिय योगदान देते हैं उनकी यह नई भूमिका नीति निर्माण में उद्योग के अनुभव और सामाजिक दृष्टि के बेहतर समन्वय की उम्मीद पैदा करती है।

## धर्मेन्द्र सिंह राजपूत अभाविप मध्यभारत प्रांत अध्यक्ष एवं प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

देश के अग्रणी छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मध्यभारत प्रांत के प्रांत अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह राजपूत (भोपाल) और प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी (बैतूल) के रूप में सत्र 2025-26 हेतु पुनः निर्वाचित हुए हैं। यह घोषणा आज अभाविप मध्यभारत प्रांत कार्यालय भोपाल से की गई। अभाविप के प्रांत कार्यालय से आज निर्वाचन अधिकारी डॉ. दीपक पालीवाल द्वारा जारी वक्तव्य के अनुसार उपरोक्त दोनों पदों का कार्यकाल एक वर्ष का रहेगा एवं दोनों पदाधिकारी दिनांक 14 से 16 दिसम्बर 2025 को डबरा में आयोजित अभाविप के 58 वे प्रांत अधिवेशन में अपना पदभार ग्रहण करेंगे। धर्मेन्द्रसिंह राजपूत युनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी भोपाल में मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्राध्यापक पद पर कार्यरत हैं। आपके विभिन्न शोध पत्र प्रकाशित हुये हैं एवं सन 2009 से आप विद्यार्थी परिषद में सक्रिय कार्यकर्ता है, विद्यार्थी परिषद में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुये उज्जैन नगर उपाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, जिला प्रमुख, विभाग प्रमुख, प्रांत उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, मध्यभारत प्रांत उपाध्यक्ष जैसे विभिन्न दायित्वों का आपने निर्वहन किया है। सत्र 2022-23 में आप प्रथम बार प्रांत अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। सत्र 2023-24 और 2024-25 में भी आपने प्रांत अध्यक्ष का दायित्व संभाला। इस वर्ष नवीन सत्र 2025-26 हेतु भी आप प्रांत अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए है। केतन चतुर्वेदी, आपकी शिक्षा ग्वालियर के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय से बी कॉम तक हुई है। विद्यार्थी परिषद से आपका संपर्क वर्ष 2016 से है एवं वर्ष 2021 से आप पूर्णकालिक कार्यकर्ता हैं। पूर्व में आपने ग्वालियर महानगर में भाग मंत्री, जीवाजी विश्वविद्यालय संयोजक, ग्वालियर महानगर सहमंत्री, भोपाल महानगर सहमंत्री एवं पूर्णकालिक कार्यकर्ता के नाते नर्मदापुरम जिला संगठन मंत्री, भोपाल महानगर सह संगठन मंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन किया हैं। आप वर्ष 2023-24 में अभाविप के मध्यभारत प्रांत के सहमंत्री भी रहे हैं। वर्तमान में आप नर्मदापुरम विभाग के विभाग संगठन मंत्री है। आपका केन्द्र बैतूल हैं।

## भव्य और ऐतिहासिक रूप से आयोजित होगा मानस सम्मेलन: भूरू मुकाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



22 दिसंबर से 26 दिसंबर तक मानस भवन के विशाल प्रांगण में श्री मानस सम्मेलन आयोजित करने हेतु संपूर्ण समिति पूर्ण मनोयोग से जुटी हुई है।

मंगलवार को समिति ने मानस सम्मेलन समिति के पूर्व अध्यक्ष संयोजक प्रभु प्रेमी संघ पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार से भेंट कर आवश्यक मंत्रणा की, समिति के अध्यक्ष भूरू मुकाती ने बताया कि कादम गिरी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामस्वरूपाचार्य जी, संत दीपक दास जी, संत डॉ मदन गोपाल दासधिकारी, बाल संत प्रियांशु जी महाराज प्रतिदिन दिन में 1 बजे से पांच बजे तक प्रवचन की अमृत वर्षा करेंगे, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा कि संतो के चरणों की रज से हमारा आष्टा और अधिक पल्लवित पुष्पित होगा।

इसी के साथ ही प्रवचनों की अमृत वर्षा से आम जन को धर्म लाभ मिलेगा। मंत्रणा बैठक में समिति अध्यक्ष भूरू मुकाती, संरक्षक बी एस वर्मा एडवोकेट, समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी अनूप जैन कचरू, मनोहर भोजवानी, कमल ताम्रकार, शिक्षा विद भोलू सिंह ठाकुर, तेज सिंह पाटीदार, पूर्व पार्षद सुभाष नामदेव उपस्थित रहे, पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने समिति के पदाधिकारियों का आत्मीय स्वागत कर समिति के निमंत्रण को सिर माथे पर लगा कर पद अधिकारियों का विनम्र आभार व्यक्त किया।